UPPCL
Uttar Pradesh Power Corporation Limited

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. Power Corporation Limited
(Govt of Uttar Pradesh Undertaking)
14—अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।
CIN:U32201UP1999SGC024928

सं0-I/20626/2025-अरा-09(अ) Comp. No.: **57945** दिनांक:11-08-2025

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वांचल/मध्यांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल/केस्को, विद्युत वितरण निगम लि0,
वाराणसी/लखनऊ/मेरठ/आगरा/कानपुर।
(md@puvvnl.in/md@mvvnl.org/md@pvvnl.org/md@dvvnl.org/mdkesco@kesco.org.in)

विषय : एस0डी0आर0एफ0 (राज्य आपदा मोचन बल) हेतु स्वीकृत तकनीशियन के 18 पद एवं इलेक्ट्रीशियन के 18 पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।

महोदया/महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उ0प्र0 लखनऊ, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-पीएसी-1-103(4)2024/2176 दिनांक 15 जुलाई, 2025 (प्रति संलग्न) के सन्दर्भ में मुझे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि एस0डी0आर0एफ0 (राज्य आपदा मोचन बल) में तकनीशियन के 18 पद एवं इलेक्ट्रीशियन के 18 पदों पर प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने के इच्छुक कार्मिकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर अनुशासनिक कार्यवाही, सतर्कता जांच की अद्यतन स्थिति सहित सूचना निम्नवत् प्रारूप में कारपोरेशन मुख्यालय को **दिनांक 31.08.2025** तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। केवल वह कार्मिक ही प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने विभाग में कम से कम 05 वर्ष की ( प्रशिक्षण काल यदि कोई हो, को छोड़कर ) सेवा पूर्ण कर ली हो तथा जिनकी उम्र "55" से अधिक न हो :-

| क्र0सं0 | नाम/पदनाम/सैप आई0डी0 | वर्तमान तैनाती स्थल | मोबाइल नं0 एवं ई-मेल | अनुशासनिक कार्यवाही एवं सतर्कता जांच की स्थिति* हां/नहीं | पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर तैनाती की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | | | | |

*अनुशासनिक कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण आवश्यक है।
संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,
11.08.25
( कैलाश चन्द्र जोशी )
संयुक्त सचिव (अरा0)

सं0-I/20626/2025-अरा-09(अ) तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, उ0प्र0 पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. समस्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/डिस्कॉम।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0/डिस्कॉम।
6. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु। (eewebuppcl@uppcl.org)
8. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पा0का0लि0 एवं डिस्कॉम।

11.08.25

( कैलाश चन्द्र जोशी )
संयुक्त सचिव (अरा0)

महानगर लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337452
फैक्स नं0: 0522–2337453
सीयूजी : 9454400167
Email:sec1-pachq.lu@up.gov.in

# पीएसी मुख्यालय
## उत्तर प्रदेश

पत्रांक: पीएसी–1–103(4)2024 12126
दिनांक: जुलाई 15 ,2025

MD, PCL
कृ० options मांग लिये जायें।
19.07.25
(डा० आशीष कुमार गोयल)

2974/cm/25
19/07/2025

NO. 4280 /Dir(PM&A)/PCL/2025
R.D. 22/7/25
D.D. 23/7/25

सं0 1308 अपर सचिव-तृतीय/पाकालि/25
दिनांक 23/07/2025

सेवा में,

अध्यक्ष,
पावर कारपोरेशन लिमिटेड,
उ0प्र0 लखनऊ।

विषयः एस0डी0आर0एफ0 हेतु स्वीकृत तकनीशियन के 18 पद एवं इलेक्ट्रीशियन के 18 पदों को भरे जाने के सम्बन्ध में।

Dir (PRA)
21/7/25

कृपया उपर्युक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–2963/6–पु0–16–2016–1100(6)/2013 दिनांक:28.11.2016 के द्वारा प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्य हेतु राज्य आपदा मोचन बल का गठन किया गया है, जिसके उपरान्त शासनादेश संख्या:2749/छः–पु0–16–2017–1100(06)/2013टीसी दिनांक:17.08.2017(छायाप्रति–संलग्न) के द्वारा विभिन्न श्रेणी के 535 एवं शासनादेश संख्या:1512/छः–पु0–16–2019–1100(06)/2013टीसी दिनांक:15.07.2019(छायाप्रति–संलग्न) के द्वारा विभिन्न श्रेणी के 494 पदों का सृजन किया गया है। उक्त शासनादेशों के माध्यम से ही तकनीशियन एवं इलेक्ट्रीशियन के निम्नलिखित पदों का सृजन किया गया है:–

(पंकज कुमार)
प्रबन्ध निदेशक
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन

| क्र0 सं0 | शासनादेश संख्या व दिनांक | पदनाम | नियतन | वेतन लेवल व वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2749/छः–पु0–16–2017–1100(06)/2013टीसी दिनांक:17.08.2017 (छायाप्रति–संलग्न) | तकनीशियन | 09 | लेवल–4(25500–81100) |
| | | इलेक्ट्रीशियन | 09 | लेवल–4(25500–81100) |
| 2 | 1512/छः–पु0–16–2019–1100(06)/2013टीसी दिनांक:15.07.2019 (छायाप्रति–संलग्न) | तकनीशियन | 09 | लेवल–4(25500–81100) |
| | | इलेक्ट्रीशियन | 09 | लेवल–4(25500–81100) |
| | कुल पद | तकनीशियन–18, इलेक्ट्रीशियन–18 | | |

Urgent

3836/MDS/25
22/07/2025

ASO3
22/7/25

2. उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि एसडीआरएफ में कुल 6 कम्पनी है तथा एक कम्पनी में 3 टीमें है। इस प्रकार कुल 18 टीमें है। प्रत्येक टीम के लिये प्रति टीम 1 के अनुसार तकनीशियन के 18 पद एवं इलेक्ट्रीशियन के 18 पद स्वीकृत है।

3. उपरोक्त शासनादेशों में तकनीशियन एवं इलेक्ट्रीशियन के पदों को ऊर्जा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सेवा–स्थानान्तरण के आधार पर भरे जाने की व्यवस्था है।

4. अतः अनुरोध है कि राज्य आपदा मोचन बल को प्रभावी बनाये जाने के दृष्टिगत ऊर्जा विभाग से सम्बन्धित तकनीशियन एवं इलेक्ट्रीशियन के कुल 36 स्वीकृत पदों को भरे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः यथोपरि।**

15.7.25

**( डा0 रामकृष्ण स्वर्णकार )**
अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी,
उ0प्र0 लखनऊ।

प्रतिलिपिः– सेनानायक, राज्य आपदा मोचन बल उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1/2019/
संख्या-1512 /छ:-पु0-16-2019-1100(06)/2013टी0सी0

23 JUL 2019

प्रेषक,

भगवान स्वरूप
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

गृह (पुलिस) अनुभाग-16

लखनऊ दिनांक- 18 जुलाई 2019

विषय:-राज्य आपदा मोचन बल में 03 अतिरिक्त कम्पनियों के गठन/पद सृजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय प्रयागराज के कार्यालय पत्रांक-आधु-3/क-20(II)-2010, दिनांक-28.01.2019 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यकविचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय राज्य आपदा मोचन बल हेतु 03 अतिरिक्त कम्पनियों के गठन एवं संलग्नक में उल्लिखित विवरण के अनुसार विभिन्न श्रेणी के कुल 494 पदों को दिनांक-28.02.2019 तक के लिये, इससे पूर्व कि उक्त पद विना किसी सूचना के समाप्त कर दिये जायें, निम्नलिखित शर्तों के अधीन सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1)-चिकित्साधिकारी, फार्मेसिस्ट/कम्पाउन्डर/पैरामेडिकल्स एवं चिकित्सालय सहायक के पदों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से तथा स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, तकनीशियन एवं इलेक्ट्रीशियन के पदों को लोक निर्माण विभाग/उर्जा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से तथा अन्य पदों को पुलिस विभाग की विभिन्न ईकाईयों के अधिकारियों/कर्मचारियों से सेवा-स्थानान्तरण के आधार पर भरा जायेगा।

(2)-चतुर्थ श्रेणी के पदों को संलग्नक में उल्लिखित प्राविधानानुसार भरा जायेगा।

(3)-यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जब राज्य आपदा मोचन बल क्रियाशील/संचालित किये जाने की स्थिति में हो तभी कार्मिक नियुक्ति हेतु उपलब्ध हों एवं राज्य आपदा मोचन बल के क्रियाशील/संचालित न होने की स्थिति में पहले से ही नियुक्त कार्मिकों को कार्य के अभाव में उन्हें वेतन का भुगतान न करना पडे।

2- उक्त पर आने वाला व्ययभार चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 की अनुदान संख्या-26 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक '4045-प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत-80-सामान्य-102-विनाश वाले क्षेत्रों में प्राकृतिक विनाश, आकस्मिक योजनाओं का प्रबंध-03-एसडीआरएफ का गठन" के सुसंगत मदों से वहन किया जायेगा।

3- शासनादेश संख्या-2749/छ:-पु0-16-2017-1100(06)/2013टीसी, दिनांक-17.08.2017 द्वारा राज्य आपदा मोचन बल हेतु प्रथम चरण में गठित 03 कम्पनियों हेतु विभिन्न श्रेणी के सृजित कुल 535 पदों जिनमें सहायक स्टाफ के रूप में चतुर्थ श्रेणी के कुल 54 पद (ओ0पी0-17, कुक-12, कहार-7, नाई-4, धोबी-6 स्वीपर-8) स्वीकृत किये गये है में से चतुर्थ श्रेणी के ओ0पी0, कुक एवं कहार के पदों को नियमित नियुक्ति से तथा नाई, धोबी, एवं स्वीपर के पदों को पूर्व व्यवस्था के

पुलिस अधीक्षक
पी०ए०सी० मुख्यालय उ०प्र०

अनुसार आउटसोर्सिंग से भरा जायेगा। इस सीमा तक उक्त शासनादेश दिनांक-17.08.2017 को संशोधित समझा जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- ई-12-1016/दस-2019, दिनांक-15 जुलाई 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

संलग्नक:-यथोपरि

भवदीय

(भगवान स्वरूप)
सचिव

पु0सं0- 1512 /छः-पु0-16-2019तददिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद।

2- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग, लोक निर्माण विभाग, उर्जा विभाग, वित्त विभाग, नियोजन विभाग, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

3- निदेशक(डी.एम.-1)गृह मंत्रालय, डिजास्टर मैनेजमेंट डिवीजन, तृतीय तल, सी-विंग, एनडीसीसी-।।, विल्डिंग, जयसिंह रोड भारत सरकार नई दिल्ली।

4- राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ।

5- अपर पुलिस महानिदेशक (पीएसी) पीएसी मुख्यालय महानगर,लखनऊ।

6- अपर पुलिस महानिददेशक, उ0प्र0पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज।

7- कमांडेट, राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ

8- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज।

9- वित्त (व्यय नियंत्रक) अनुभाग-12/वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1, राजस्व अनुभाग-10

10-गृह (पुलिस) सेवायें अनुभाग-1/2, गृह (पुलिस) अनुभाग-1/2/7 एवं 8

11-गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(सुनील कुमार)
संयुक्त सचिव

शासनादेश संख्या-1512 /छ:-पु0-16-2019-1100(06)/2013टसीसी, दिनांक- 15 जुलाई 2019

का संलग्नक

| क्र.स. | पदनाम | एसडीआरएफ में द्वितीय चरण में 03 अतिरिक्त कम्पनियों के गठन हेतु सृजित पदों की संख्या | ग्रेड पे/वेतनमान मैट्रिक्स लेवल (वर्तमान संरचना में ग्रेड पे-पुनरीक्षित संरचना) | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | लेबल | वेतनमान | |
| 1 | सेनानायक | .... | .... | .... | |
| 2 | उपसेनानायक | .... | .... | .... | |
| 3 | सहायक सेनानायक | 03 | लेबल-10 | (5400/ 56100-177500) | |
| 4 | शिविरपाल | 01 | लेबल-7 | (4600/ 44900-142400) | |
| 5 | निरीक्षक | 09 | लेबल-7 | (4600/ 44900-142400) | |
| 6 | उपनिरीक्षक संवर्ग | 27 | लेबल-6 | (4200/ 35400-112400) | |
| 7 | मुख्य आरक्षी संवर्ग | 48 | लेवल-4 | (2400/ 25500-81100) | |
| 8 | आरक्षी संवर्ग | 255 | लेबल-3 | (2000/ 21700-69100) | |
| 9 | आरक्षी चालक | 45 | लेवल-3 | (2000/ 21700-69100) | शासनादेश दिनांक 17.08.2017 के अनुसार तीन बटालियन हेतु सृजित पदों के अनुसार |
| 10 | सहायक उप-निरीक्षक (एम) | 04 | लेबल-5 | (2800/ 29200-92300) | |
| 11 | सहायक स्टाफ (ओपी-12, कुक-12, कहार-06, नाई-03, धोबी-06, स्वीपर-06) | 45 | लेबल-1 | (1800/ 18000-56900) | गृह (पुलिस) अनुभाग-2 के शासनादेश दि0 07.03.2013 के क्रम में ओ0पी0-12, कुक-12, कहार-06 कुल 30 पद नियमित नियुक्ति<br>नाई-03, धोबी-06, स्वीपर-06 कुल पद-15 आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरा जायेगा |
| 12 | चिकित्साधिकारी | 03 | लेबल-10 | (5400/ 56100-177500) | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | कम्पाउन्डर/फारमासिस्ट /पैरामेडिकल | 18 | लेवल-5 | (2800/ 29200-92300) | |
| 14 | स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग | 18 | लेवल-6 | (4200/ 35400-112400) | |
| 15 | तकनीशियन | 09 | लेवल-4 | (2400/ 25500-81100) | |
| 16 | इलेक्ट्रीशियन | 09 | लेवल-4 | (2400/ 25500-81100) | |
| | कुल योग | 494 | | | |

(सुनील कुमार)
संयुक्त सचिव